# कार्यालय जिला पंचायत बलरामपुर–रामानुजगंज (छ.ग.)

क्रमांक / 5297 / पंचा. / RGSA / 2025 बलरामपुर, दिनांक 03/04 / 2025

## / / विज्ञापन / /

संचालक, पंचायत संचालनालय, छत्तीसगढ़ का आदेश क्रमांक / पंचा. / RGSA / 144B / 2025 / 762 अटल नगर, नवा रायपुर, दिनांक 13.03.2025 के द्वारा राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (RGSA) योजनान्तर्गत जिला पंचायत अन्तर्गत DPMU (District Project Management Unit) एवं जिला पंचायत संसाधन केन्द्र (DPRC), जिला बलरामपुर–रामानुजगंज में निम्नानुसार रिक्त पदों की भर्ती हेतु अनुमति प्रदान की गई है। उक्त के परिपालन में उल्लेखित रिक्त पदों की पूर्ति हेतु छ0ग0 राज्य के उम्मीदवार से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक **22 / 04 / 2025** दिन **मंगलवार** तक कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक के माध्यम से आवेदन भर सकते है। आवेदन स्वीकर करने की अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन–पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आवेदन **"मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बलरामपुर–रामानुजगंज (छ.ग.), पिन– 497119"** के पते पर आवेदन–पत्र जमा कर सकेगें।

**(अ) रिक्त पदों का विवरण :–**

| क्र. | पद क नाम | अनारक्षित | | अ.ज.जा. | | अ.पि.प. | | अ.जा. | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | सहायक जिला समन्वयक (ADPM)–RGSA | 01 | – | – | – | – | – | – | – | 01 | – |
| 2 | लेखापाल जिला पंचायत संसाधन केन्द्र (DPRC) | 01 | – | – | – | – | – | – | – | 01 | – |

**(ब) पदों की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता, अनुभव व मेरिट अंक का विवरण :–**

| क्र. | पदनाम | संविदा वेतन रू. में | निर्धारित अर्हता | 100 अंको का मेरिट हेतु निर्धारण | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | विवरण | अंक |
| 1 | सहायक जिला समन्वयक (ADPM)–RGSA | 31,750 एकमुश्त | 1. मान्यता प्राप्त संस्थान से न्यूनतम 60% अंकों के साथ स्नातक डिग्री उत्तीर्ण।<br>2. कम से कम 01 वर्ष का शासकीय / अर्द्धशासकीय कार्यालय अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं में क्रियान्वयन का कार्य अनुभव | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता के अंको का अधिभार– 70% | 70 |
| | | | | शासकीय / अर्द्धशासकीय कार्यालय का अनुभव हेतु (प्रत्येक वर्ष हेतु 02 अंक) अधिकतम 10 अंक | 10 |
| | | | | पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में कार्यानुभव को प्राथमिकता | |
| | | | | कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा (एम.एस.ऑफिस) के अंको का अधिभार– 20% | 20 |

Scanned with CamScanner

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | लेखापाल जिला पंचायत संसाधन केन्द्र (DPRC) | 25,400 एकमुश्त | 1. मान्यता प्राप्त संस्थान से वाणिज्य विषय में स्नातक डिग्री में न्यूनतम 60% अंको के साथ उत्तीर्ण। 2. टैली कार्य का प्रमाण पत्र। 3. शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्थान में 02 वर्ष का लेखापाल एवं समकक्ष पद का अनुभव। | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता के अंको का अधिभार– 50% | 50 |
| | | | | स्नातक के अंको का अधिभार– 10% | 10 |
| | | | | शासकीय / अर्द्धशासकीय कार्यालय का अनुभव हेतु (प्रत्येक वर्ष हेतु 02 अंक) अधिकतम 10 अंक | 10 |
| | | | | पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में कार्यानुभव को प्राथमिकता | |
| | | | | कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा के अंको का अधिभार– 30% | 30 |

**<u>उक्त संविदा रिक्त पदों की भर्ती हेतु नियम एवं शर्ते निम्नवत है :–</u>**

1. निर्धारित प्रारूप में आवेदन बंद लिफाफे में केवल पंजीकृत / स्पीड डाक से मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बलरामपुर–रामानुजगंज के नाम से दिनांक **22 / 04 / 2025** को समय 5:30 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। व्यक्तिगत रूप से सीधे आवेदन अथवा अन्य इलेक्ट्रानिक माध्यम से स्वीकार नहीं किये जायेंगे। निर्धारित समय–सीमा के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।
2. प्रत्येक पद के लिए पृथक–पृथक आवेदन देना होगा। लिफाफे के ऊपर एवं आवेदन पत्र में पद का नाम, जिसके लिये आवेदन किया जा रहा है का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए, अन्यथा आवेदन निरस्त किया जा सकता है। लिफाफे के ऊपर व आवेदन पत्र में प्रेषक का नाम एवं पत्र व्यवहार का पूर्ण पता (ई–मेल एड्रेस एवं मोबाईल नंबर सहित) आवश्यक रूप से अंकित होना चाहिए।
3. आयु न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आयु सीमा छूट के संबंध में छत्तीसगढ़ निवासियों एवं विभिन्न वर्गों के लिये समय–समय पर जारी निर्देश के अनुरूप छूट की पात्रता होगी। आयु की गणना 01 जनवरी 2025 के आधार पर की जायेगी।
4. आवेदक को छत्तीसगढ़ राज्य का निवासी होना अनिवार्य है। (निवास के संबंध में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र ही मान्य किया जायेंगे।)
5. आवेदन में आवेदक का फोटो एवं समस्त प्रमाण–पत्र तथा अंकसूची स्वप्रमाणित सत्यापित होना आवश्यक है। स्वप्रमाणित न होने की स्थिति में आवेदन–पत्र निरस्त माना जावेगा।
6. संविदा नियुक्ति एक वर्ष के लिये होगी। तत्पश्चात् आवश्यकता होने पर कार्ययोग्यता, कार्यक्षमता, वार्षिक कार्य मूल्यांकन (Annual Performance Appraisal) एवं व्यवहार के आधार पर शासन के निर्देशानुसार दोनों पक्षों की सहमति से कार्य अवधि एक वर्ष निरंतर रखे जाने पर विचार किया जा सकता है।
7. यह नियुक्ति सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्रं. एफ. 9–1 / 2012 / 1–3 दिनांक–31 दिसंबर 2012 के अनुसार संविदा नियुक्ति के संबंध में समस्त शर्ते लागू होंगी।
8. संविदा अवधि में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के तहत अवकाश की पात्रता होगी।
9. संविदा पर नियुक्त व्यक्ति छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 से शासित होंगे।
10. संविदा अवधि के दौरान दोनों पक्षों में से किसी पक्ष के द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।

Scanned with CamScanner

11. सेवा समाप्ति पश्चात संविदा अधिकारी/कर्मचारी के रूप में दी गई सेवा अवधि हेतु किसी प्रकार की पेंशन, उपादान या मृत्यु–लाभ आदि की पात्रता नहीं होगा।
12. जिले में प्राप्त कुल आवेदन पत्रों में मेरिट आधार पर सूचीबद्ध किया जायेगा और 01 पद के विरूद्ध 10 प्रतिभागियों को कौशल परीक्षा के लिए आमंत्रित किया जावेगा। तद्उपरांत निर्धारित अर्हता के प्राप्तांकों एवं कौशल परीक्षा में प्राप्त अंको को जोड़ते हुए अंतिम चयन सूची तैयार की जावेगी।
13. विज्ञापन में वर्णित अनुभव के अलावा अन्य कोई भी अनुभव मान्य नहीं किया जावेगा।
14. आवेदन करते समय अनुभव प्रमाण–पत्र जारी करने वाले संस्थान का नाम, पूर्ण पता व अनुभव हेतु जारी कार्यालयीन आदेश क्रमांक, दिनांक एवं जारीकर्ता अधिकारी का नाम एवं पदनाम, संपर्क हेतु संबंधित का दूरभाष नंबर एवं ईमेल की जानकारी एवं नियुक्ति आदेश की छायाप्रति अनिवार्य रूप से दिया जावे। अन्यथा इसके अभाव में आवेदक द्वारा दिये गये अनुभव को मान्य न करते हुए अपात्र की श्रेणी में रखा जायेगा– जिसके लिये आवेदक ही स्वयं जिम्मेदार होगा। साथ ही शासकीय अनुदान प्राप्त गैर–शासकीय संस्था से जारी अनुभव प्रमाण–पत्र हेतु आवेदक को समस्त कार्य अवधि का प्रमाणित पे–स्लीप/बैंक स्टेटमेंट प्रस्तुत करना अनिवार्य है। मेरिट सूची में समान अंक होने पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यानुभव को प्राथमिकता दिया जायेगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यानुभव नहीं होने की स्थिति में वरीयता उम्र के आधार पर निर्धारित करते हुये मेरिट सूची तैयार किया जायेगा। पदवार अनुभव हेतु प्रस्तुत दस्तावेज मान्य/अमान्य किये जाने के संबंध में अंतिम निर्णय चयन समिति के पास सुरक्षित होगा।
15. शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों को अपने आवेदन पत्र को नियोक्ता के अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा, अन्यथा आवेदन पत्र विचारणीय होगा।
16. यदि किसी आवेदक के अंकसूची में प्रतिशत अंक उल्लेखित न होकर सिर्फ ग्रेड दिया गया हो तो उन आवेदकों को उस ग्रेड का औसत प्रतिशत अंक प्रदान किया जावेगा। उदाहरण के लिये यदि किसी आवेदक को 8वीं में ए ग्रेड 80 से 90 प्रतिशत तक हो तो, उस आवेदक के अंक को 85 प्रतिशत मानकर वरीयता सूची तैयार की जावेगी।
17. ऐसे आवेदक जिन्हें पूर्व में सेवा अनुशासनहीनता/ अनुचित व्यवहार/ स्वेच्छाचारिता या अनियमितता के आधार पर किसी भी शासकीय विभाग द्वारा किसी भी पद से पृथक किया गया हो चयन के लिये पात्र नहीं होंगे। गलत जानकारी दिये जाने पर उम्मीदवारी निरस्त मानी जावेगी।
18. अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा एवं पृथक से कोई सूचना नहीं दी जावेगी।
19. पदों की संख्या में परिवर्तन संभावित है।
20. विज्ञापन एवं आवेदन पत्र का विस्तृत प्रारूप जिला पंचायत बलरामपुर–रामानुजगंज (छ.ग.) के सूचना पटल, जिला प्रशासन बलरामपुर–रामानुजगंज के वेबसाइट www.balrampur.gov.in से अवलोकन/डाउनलोड किया जा सकता है। प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी उपरांत दावा–आपत्ति हेतु पात्र/अपात्र अभ्यार्थियों की सूची, सूचना एवं अन्य दिशा–निर्देश कार्यालय के सूचना पटल एवं जिले के वेबसाईट में प्रकाशित किया जावेगा। इसके अवलोकन की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। अभ्यर्थियों को अन्य किसी भी माध्यम से भर्ती संबंधी पृथक से कोई सूचना नहीं दी जावेगी।
21. यदि आवेदक प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से नियुक्ति प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश करता है, तो अभ्यर्थी की उम्मीदवारी निरस्त कर दी जावेगी।
22. आवेदक द्वारा आवेदन के समय प्रस्तुत समस्त दस्तावेज नियुक्ति उपरांत गलत पाये जाने पर उनकी नियुक्ति निरस्त करते हुए कानूनी कार्यवाही की जावेगी।

Scanned with CamScanner

23. दावा आपत्ति के समय आवेदन के दौरान आवेदन पत्र में उल्लेखित दस्तावेजों के अतिरिक्त अन्य कोई दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा विज्ञापन तिथि के पश्चात् जारी दस्तावेज/अन्य प्रमाण पत्र मान्य नहीं किया जायेगा।
24. किसी तरह के फर्जी दस्तावेज पाये जाने पर संबंधित अभ्यर्थी के विरूद्ध नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जावेगी, जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा/होगी।
25. समस्त नियुक्तियां माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के एस.एल.पी.(सी) क्रमांक 19668/2022 के अंतिम आदेश के अध्यधीन होगा।
26. संविदा नियुक्ति के संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।
27. संचालक, पंचायत संचालनालय, छत्तीसगढ़, अटल नगर, नवा रायपुर के निर्देशानुसार नियमों में परिर्वतन मान्य होगा।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
जिला पंचायत बलरामपुर–रामानुजगंज

Scanned with CamScanner

# संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

| |
|---|
| अभ्यर्थी नवीनतम स्व–प्रमाणित फोटो चिपकायें |

आवेदित पद का नाम ..................................................

संबंधित जिला का नाम ..................................................

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत ....................................
पता ..................................................

1. अभ्यर्थी का नाम –अ. हिन्दी में :– ..................................................

   ब. अंग्रेजी में :– ..................................................

2. पिता/पति का नाम :– ..................................................

3. लिंग (महिला/पुरूष/तृतीय लिंग) :– ..................................................

4. जन्मतिथि अ.अंको में :– ..................................................

   ब. शब्दों में :– ..................................................

   स. दिनांक 01.01.2025 को आयु वर्षः– ................................. माह ..................................दिन........................

   (हाई स्कुल सर्टिफिकेट 10 वीं परीक्षा का प्रमाणपत्र संलग्न करें)

5. वर्ग (अनु.जाति/अनु.जनजाति/अ.पि.व./सामान्य):– ..................................................

6. पत्र व्यवहार का वर्तमान पता (हिन्दी में) :– ..................................................

   :– ..................................................

   :– ..................................................

7. स्थायी पता (हिन्दी में) :– ..................................................

   :– ..................................................

   :– ..................................................

8. मोबाईल नंबर :– ..................................................

9. ई–मेल आई डी :– ..................................................

10. आधार नंबर :– ..................................................



Scanned with CamScanner

11. शैक्षणिक योग्यता :– (शैक्षणिक योग्यता प्रमाणपत्रों की सत्यापित प्रति संलग्न करें।)

| क्र. | परीक्षा का नाम | उत्तीर्णवर्ष | परीक्षा में सम्मिलित विषय/विषय समूह का नाम | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | प्राप्तांक/पूर्णांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | |
| 2 | | | | | | |
| 3 | | | | | | |
| 4 | | | | | | |
| 5 | | | | | | |
| 6 | | | | | | |

12. अनुभव का विवरण (न्यूनतम वांछित अनुभव) :–

| क्र. | संस्था का नाम | पदनाम | अनुभव समयावधि | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | दिनांक से | दिनांक तक | वर्ष | माह |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | | | | | | |
| 2 | | | | | | |
| 3 | | | | | | |

13. पंचायत संचालनालय अंतर्गत कार्य का अनुभव का विवरण :–

| क्र. | राज्य/जिला/ वि.ख. का नाम | पदनाम | अनुभव समयावधि | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | दिनांक से | दिनांक तक | वर्ष | माह |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | | | | | | |
| 2 | | | | | | |
| 3 | | | | | | |

14. वर्तमान में कार्यरत होने संबंधी विवरण (यदि हो तो) :–

| क्र. | राज्य/जिला/ वि.ख. का नाम | पदनाम | विभाग/संस्था का नाम | नियुक्ति दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | | | | |



Scanned with CamScanner

15. वैवाहिक स्थिति :–

(क). विवाहित/अविवाहित :– ..........................................................................................

(ख) विवाहित होने पर निम्न जानकारी भरा जावे :–

विवाह का दिनांक :– ..........................................................................................

(ग) परिवार में संतानों की संख्या :– ..........................................................................................

16. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची :–

1. ..........................................................
2. ..........................................................
3. ..........................................................
4. ..........................................................
5. ..........................................................
6. ..........................................................
7. ..........................................................
8. ..........................................................
9. ..........................................................
10. ..........................................................

स्थान :– ...........................
दिनांक :– ...........................

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर
नाम :– ..............................................

<u>घोषणा पत्र</u>

मै एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हुॅ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त समस्त जानकारियां पूर्ण एवं सत्य है।चयन होने तथा भविष्य में किसी भी स्तर पर असत्य पाये जाने पर मेरी सेवाएं समाप्त कर मेरे विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने का पूर्णअधिकार होगा।

स्थान :– ...........................
दिनांक :– ...........................

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर
नाम :– ..............................................



Scanned with CamScanner